## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 11.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज से झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर, चुनाव प्रक्रिया को और मजबूत बनाने को लेकर राज्य के आला अधिकारियों के साथ करेंगे चर्चा।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साहिबगंज के भोगनाडीह में सिदो–कान्हू जयंती समारोह में हुए शामिल, कई विकास परियोजनाएं जनता को करेंगे समर्पित।
3. सरला बिड़ला विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, एक हजार छह सौ चौंसठ डिग्रीधारकों को सौंपे गये प्रमाण पत्र।
4. यात्रियों की सुविधा के लिए धनबाद और चंडीगढ़ के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला, कल पहली ट्रेन होगी रवाना।
5. बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 21 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित अंडर–19 महिला हाई परफार्मेंस कैंप के लिए झारखंड की अनंदिता किशोर और अनुष्का परमार का चयन।

*****************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आज शाम रांची पहुंचेंगे। अपने दौरे के पहले दिन वे राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना डाडेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता और राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के साथ बैठक करेंगे और चुनाव प्रक्रिया को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। अगले दिन यानी कल वे रामगढ़ के रजरप्पा में बैठक करेंगे, जिसमें स्थानीय वॉलेंटियर्स मौजूद रहेंगे। 13 अप्रैल को उनके हाथों बेहतर काम करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जायेगा।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साहिबगंज के भोगनाडीह में आयोजित सिदो–कान्हू जयंती समारोह में शामिल हों रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद हैं। भोगनाडीह से मुख्यमंत्री करोड़ों रुपये की विकास और कल्याणकारी योजनाओं का आनलाइन उदघाटन और शिलान्यास करेंगे। इससे पहले भोगनाडीह जाने के क्रम में देवघर पहुंचने पर जिला प्रशासन ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बाद में देवघर परिसदन में मुख्यमंत्री और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई के बीच औपचारिक मुलाकात हुई।

*****************

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि संगठित अपराध और आतंकवाद जैसे वैश्विक मुद्दों पर युवाओं और शिक्षाविदों की सहभागिता अत्यंत जरूरी है। श्री कुमार रांची स्थित झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के अपराध शास्त्र विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

*****************

गुजरात के अहमदाबाद में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के दो दिवसीय अधिवेशन में भाग लेकर लौटे झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने कहा कि पार्टी को ग्रासरूट लेवल पर कैसे मजबूत करें, इस पर शीर्ष केंद्रीय नेताओं का मार्गदर्शन मिला है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस अधिवेशन से जो संदेश मिला है, उसे गांव–गांव तक पहुंचाया जायेगा।

*****************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो पर आदिवासियों के नाम पर केवल राजनीतिक दिखावा करने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि झामुमो अपने अधिवेशन में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में प्रस्ताव लाए तो राज्य का भला होगा।

*****************

रांची स्थित सरला बिरला विश्वविद्यालय का आज दूसरा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार शामिल हुए। इस दौरान कुल 1664 डिग्रीधारकों को प्रमाण पत्र सौंपे गये। इनमें 43 स्वर्ण पदक विजेता भी शामिल थे, जिन्हें बसंत कुमार बिरला स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

*****************

यात्रियों की सुविधा के लिए धनबाद और चंडीगढ़ के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। धनबाद से पहली स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल से 28 जून तक हर शनिवार को और चंडीगढ़ 14 अप्रैल से 30 जून तक हर सोमवार को खुलेगी। दूसरी ट्रेन का परिचालन 15 अप्रैल से 27 जून तक हर मंगलवार एवं शुक्रवार को धनबाद से और 17 अप्रैल से 29 जून तक हर गुरुवार और रविवार को चंडीगढ़ से होगा। दोनों ही ट्रेनें पूरी तरह वातानुकूलित होंगी।

*****************

सिमडेगा के ग्रामीण इलाकों की महिलाएं स्वंय सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक रुप से सशक्त बन रही हैं।

*****************

घरेलू बेंचमार्क सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी ने आज वैश्विक अनिश्चितता और अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के बीच हरे निशान में शुरुआत की। सेंसेक्स 1,357 अंकों की बढ़त के साथ 75 हजार 204 पर पहुंच गया और निफ्टी 441 अंकों की तेजी के साथ 22 हजार 841 पर कारोबार कर रहा था। यह बढ़त वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बाद आई है, जो अमेरिका में अस्थिर कारोबारी सत्र के बाद देखी गई।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 84 हजार एक सौ पचास रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत 92 हजार पांच सौ अंठावन रुपये प्रति किलो है।

*****************

मौसम विभाग ने आज भी रांची, खूंटी और सरायकेला समेत 16 जिलों में बारिश और वज्रपात होने का औरेंज अलर्ट जारी किया है। कल बारिश के दौरान वज्रपात होने से राज्य में पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये।

*****************

बेंगलुरु के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में 21 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित अंडर–19 महिला हाई परफार्मेंस कैंप के लिए झारखंड की अनंदिता किशोर और अनुष्का परमार का चयन किया गया है। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के हेड कोच पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वीवीएस लक्ष्मण द्वारा जेएससीए के सचिव को इस संबंध में पत्र भेजा गया है।

*****************